मंत्रियों की एक-दूसरे के खिलाफ बयानबाजी गलत, मुख्यमंत्री कंट्रोल करें : रंधावा

मंत्री-विधायकों की बयानबाजी पर कांग्रेस प्रदेश प्रभारी हुए सख्त, मुख्यमंत्री और डोटासरा से की चर्चा

जयपुर, (का.प्र.)। काग्रेस में कभी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और विधायक राजेंद्र पारीक के बीच विवाद के वीडियो सामने आते हैं, कभी विधायक भरत सिंह मुख्यमंत्री को पत्र लिखते हैं, कभी आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह और पूर्व मंत्री नसीम अख्तर के बीच विवाद सामने आता है और अब नगरीय विकास मंत्री मंत्री शांति धारीवाल और खाद्य मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास के बीच बयानबाजी सामने आई है।

चुनावी वर्ष में हो रही नेताओं की इस बयानबाजी को लेकर राजस्थान के प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने नाराजगी जताई है और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मंत्रियों की बयानबाजी पर रोक लगाने को कहा है। इसी के साथ रंधावा ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी से भी इस पूरे मामले में रिपोर्ट मांगी है। रंधावा का कहना है कि मंत्रियों को समझ लेना चाहिए कि वह मंत्री बाद में हैं ,पार्टी के विधायक पहले हैं। ऐसे में इस तरह एक-दूसरे के खिलाफ बयानबाजी सही नहीं है।

सुखजिंदर सिंह रंधावा ने पिछले दो दिन के दौरान शांति धारीवाल और प्रतापसिंह खाचरियास की बयानबाजी को लेकर कहा है कि मंत्रियों की एक दूसरे के खिलाफ बयानबाजी ठीक नहीं है। मैंने मुख्यमंत्री से कहा है, आपके मंत्रियों को कंट्रोल करिए। मंत्रियों को कंट्रोल करना चीफ मिनिस्टर का काम है। सरकार के लेवल पर सीएम और संगठन के लेवल पर मैं इस पूरे मामले को देख रहा हूं।

रंधावा ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा से इस मामले पर चर्चा की है। मुलाकात के दौरान संगठन की चर्चा के साथ ही रंधावा ने आपस में मंत्रियों के मतभेदों को सार्वजनिक मंच पर रखने से

- **रंधावा बोले, ''मंत्री समझ लें, वे मंत्री बाद में है, पार्टी के विधायक पहले'**

बचने की हिदायत दी। बताया जाता है कि सीएम ने मंत्रियों को बयानबाजी पर लगाम लगाने की हिदायत दी है। इसके बाद हमलावर नजर आ रहे खाद्य मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास के तेवर बदल गए हैं। एक दिन पहले खाचिरयावास ने मंत्री शांति धारीवाल को बीजेपी कार्यकर्ता तक बता दिया था। आज खाचरियावास ने उस मुद्दे पर चुप्पी साध ली है।

यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल ने गुरुवार को उदयपुर में कहा था कि जयपुर बहुत बड़ा शहर है, लेकिन पिछड़ रहा है। प्रदेश में स्मार्ट सिटी में चार शहर कोटा, अजमेर, जयपुर और उदयपुर लिए गए हैं। सबसे ज्यादा पिछड़ा हुआ काम जयपुर का है। मैं वहीं का हूं, लेकिन मैं कुछ नहीं कर सका। तीन-तीन मंत्री, छह-छह विधायक हैं। यही सबसे बड़ी प्रॉब्लम है। अगर न मंत्री होते, न विधायक होते तो काम समय पर पूरे हो जाते। उन मंत्री-विधायकों के आपसी विवाद जो पैदा हो जाते हैं, इसलिए काम अटक जाते हैं। वो कहता है कि यह योजना लाओ, इसको बदलो, इसको करो, उसी में मामला उलझता जाता है।

धारीवाल के बयान के बाद खाद्य मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास ने शांति धारीवाल पर पलटवार करते हुए उन्हें बीजेपी कार्यकर्ता तक बताते हुए कहा था कि धारीवाल कांग्रेस को हराना चाहते हैं, उन्हें शर्म आनी चाहिए, माफी मांगनी चाहिए। प्रतापसिंह शुक्रवार को जयपुर में मीडिया से बात कर रहे थे। खाचरियावास ने कहा, ''धारीवाल ने 22 जून को जिस तरह की भाषा बोली उससे यह लग रहा है कि उनके नेता सोनिया गांधी और अशोक गहलोत नहीं, गुलाबचंद कटारिया हैं। धारीवाल बीजेपी के कार्यकर्ता बनकर बात कर रहे रहे थे। उन्होंने संकल्प ले रखा है, कैसे गलत बयान देना है। जिस तरह की भाषा धारीवाल बोल रहे हैं, वह कांग्रेस कार्यकर्ता की नहीं हो सकती। धारीवाल को शर्म आनी चाहिए, पार्टी विरोधी बयान देने के लिए माफी मांगनी चाहिए। धारीवाल को पार्टी से अनुशासनहीनता का नोटिस मिला हुआ है, इसके बावजूद इस तरह की भाषा का प्रयोग कर रहे हैं। वह कांग्रेस विरोधी है। धारीवाल से जयपुर के किसी दूसरे नेताओं को डर लगता होगा, मुझे नहीं लगता, वह जवाब देंगे तो मैं उनको पलट कर जवाब दूंगा।''

दलित युवती से गैंगरेप मामले से नाराज कांग्रेस देहात महासचिव नायक का इस्तीफा

बीकानेर, (कासं)। खाजूवाला में दलित युवती के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या के प्रकरण में कांग्रेस पार्टी और उनके नेताओं के रवैये से नाराज कांग्रेस के देहात महासचिव सीताराम नायक ने महासचिव व कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा को भेज दिया।

यहां पत्रकार वार्ता में इस्तीफे के बारे में जानकारी देते हुए सीताराम नायक ने कहा कि दलित युवती की दुष्कर्म के बाद हत्या के प्रकरण में पूरी कांग्रे पार्टी के मौन रहने व आपदा मंत्री गोविन्द राम मेघवाल के क्षेत्र में घटना होने के बावजूद मेघवाल द्वारा पीड़ित परिवार को सांत्वना तक नहीं दी गई।

वहीं भाजपा भी इस मामले में राजनीति कर रही है। इसको लेकर वे इस्तीफा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा और कांग्रेस दोनों एक ही है। उन्होंने कहा कि भाजपा शासन में नोखा में डेल्टा प्रकरण हुआ तब कांग्रेस विपक्ष में होने पर इसे खूब उठाया। यहां तक राहुल गांधी ने भी इस प्रकरण को लेकर बयान दिये मगर अब कांग्रेस शासन में है तो खाजूवाला में उसी तरह का प्रकरण होने पर कांग्रेस प्रदेश से लेकर दिल्ली तक मौन है। प्रदेश में तीन मंत्री होने के बावजूद भी पीड़ित परिवार

सीताराम नायक

को आज तक सांत्वना तक नहीं दे पाये है। उन्होंने कहा कि आपदा मंत्री दो दिन पहले ही धरना स्थल से कुछ दूरी पर महंगाई राहत कैम्प में आये थे मगर धरना स्थल तक नहीं आये। नायक ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति खराब है।

उन्होंने कहा कि गहलोत की सरकार बचाने में मदद करने वाले सभी एमएलए मुख्यमंत्री की तरह काम करते हैं। इसकी उन्हें छूट दे रखी है। नायक ने कहा कि खाजुवाला थाना आपदा मंत्री के प्रभाव में है वही उन्होने ऊर्जा मंत्री का नाम लिये बिना कहा कि कोलायत में भी खनन माफिया पनप रहा है उसमें

- **खाजूवाला में दलित युवती के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या के प्रकरण में कांग्रेस पार्टी और उनके नेताओं के रवैये से नाराज थे नायक**

भी मंत्री तक की मिलीभगत है। खाजुवाला बार्डर तक अवैध खनन हो चुका है। उन्होने कहा कि भाजपा भी इस मामले को लेकर राजनीति कर रही है।

दो दिन पहले वार्ता के दौरान सहमति बनने के बाद पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को देने पर सहमति हो चुकी थी मगर केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम के पुत्र रविशेखर मेघवाल के इशारे पर परिजनों ने शव लेने से इनकार कर दिया। उन्होने कहा कि दो दिन भी वार्ता में उन्ही बिन्दुओं पर सहमति हुई जो दो दिन पहले की वार्ता में हुई थी। उन्होने कहा कि भाजपा और काठोस एक ही है। भाजपा छोडकर अन्य पार्टी में जाने के बारे में पुछे जाने पर नायक ने कहा कि फिलहाल वह किसी पार्टी में नही जायेगे जनता ने चाहा तो व चुनाव जरुर लडेगें।

जयपुर में बीते तीन दिन की तेज गर्मी और उमस के बाद शनिवार को मानसून पूर्व की पहली बारिश हुई। इस दौरान सड़क पर चारों तरफ पानी ही पानी हो गया। अजमेरी गेट से पांच बत्ती चौराहे के बीच मुख्य सड़क पर पानी भरने के कारण आवाजाही अवरूद्ध हो गई, इसके चलते एम.आई.रोड पर भारी ट्रेफिक जाम लग गया। करीब दो से तीन घंटों तक लोग सड़क पर जाम में फंसे रहे। फोटो : राष्ट्रदूत

प्रदेश में एक नया करोना संक्रमित मिला

जयपुर। प्रदेश में शनिवार को करोना संक्रमण का एक नया मामला सामने आया है। हालांकि इस बीच किसी भी मरीज के रिकवर नहीं होने से एक्टिव केस बढ़कर नौ हो गए हैं। प्रदेश में शनिवार को जयपुर में एक नया संक्रमित मिला है। इससे पहले शुक्रवार को भी राज्य में एक ही रोगी पाया गया था। इधर राज्य में आज 1363 कोविड जांच की गई है।

आम सूचना दिनांक 24.06.2023

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्या संतोष कुमावत पत्नी श्री चंचल कुमार, निवासी- फ्लेट संख्या एफ-2, प्लाट संख्या 46, तिरुपति विहार, कालवाड़ रोड़, जयपुर द्वारा फ्लेट संख्या एफ-2, प्लाट संख्या 46, तिरुपति विहार, कालवाड़ रोड़, जयपुर स्थित सम्पत्ति को आवास फायनेंसियर्स ली. (ऋण खाता संख्या LNDKB00317- 180070976) से ऋण प्राप्त कर बंधक रखा हुआ है। अब मेरी अभिभाष्या उक्त आवास फायनेंसियर्स ली. से लिए गए ऋण की अदायगी एच. डी. एफ. सी. ली. से ऋण प्राप्त कर उक्त आवास फायनेंसियर्स ली. के उक्त ऋण खाते को बंद करने की इच्छुक है तथा आवास फायनेंसियर्स ली. में उक्त सम्पत्ति के बंधक रखे गए असल विक्रय पत्र/स्वामित्व संबंधित दस्तावेज प्राप्त कर एच. डी. एफ. सी. ली. में बंधक रखेगी। यदि किसी भी व्यक्ति, बैंक, कंपनी, संस्था आदि को मेरी अभिभाष्या के स्वामित्व की उक्त वर्णित सम्पत्ति को एच. डी. एफ. सी. ली. में बंधक रखने से किसी भी प्रकार का कोई ऐतराज हो तो 7 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता से लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सम्पर्क करे, बाद गुजरने मियाद किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। **भवदीय**

(रामेश्वर सिंह राठौड़) एडवोकेट मो.नं. 9829256466

आम सूचना दिनांक 24.06.2023

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्या श्रीमती संतोष धर्मपत्नी श्री जुगल किशोर, निवासी- प्लाट संख्या ए-64, सिंह भूमि, खातीपुरा, जयपुर (राजस्थान) के स्वामित्व व अधिपत्य की सम्पत्ति प्लाट संख्या ए-64-बी (जो कि प्लाट संख्या ए-64 का उत्तरी-पूर्वी हिस्सा), सिंह भूमि, स्कीम नं. 13, सेक्टर-ए, खातीपुरा, झोटवाड़ रोड़, जयपुर (राजस्थान), जिसका कुल क्षेत्रफल 39.85 वर्गमीटर (47.66 वर्गगज) व प्लाट संख्या ए-64-सी (जो कि प्लाट संख्या ए-64 का पश्चिमी- उत्तरी हिस्सा), सिंह भूमि, स्कीम नं. 13, सेक्टर-ए, खातीपुरा, झोटवाड़ रोड़, जयपुर (राजस्थान), जिसका कुल क्षेत्रफल 40.26 वर्गमीटर (48.16 वर्गगज) है को एच.डी.एफ.सी. लि. में बंधक रख कर एच.डी.एफ.सी. लि. से ऋण प्राप्त करना चाहती है। यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि को उक्त सम्पत्ति पर ऋण प्राप्त करने व बंधक से किसी भी प्रकार का कोई ऐतराज हो तो 7 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता से लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सम्पर्क करे, बाद गुजरने मियाद किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। **भवदीय**

(रामेश्वर सिंह राठौड़) एडवोकेट मो.नं. 9829256466

आम सूचना दिनांक 24.06.2023

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्या श्रीमती अनिता कँवर धर्मपत्नी श्री सोहन सिंह, निवासी- प्लाट संख्या 74-ए, मार्ग नं. 16, केयी 2 के पास, कैलाश नगर, झोटवाड़ा, जयपुर (राजस्थान) द्वारा दीपक अग्रवाल पुत्र स्व. श्री हरी प्रकाश अग्रवाल, निवासी- प्लाट संख्या 75, कृष्णा कुंज, कलवाड़ रोड़, झोटवाड़ा, जयपुर (राजस्थान) से उसके स्वामित्व व अधिपत्य की सम्पत्ति प्लाट संख्या 93-बी, कैलाश नगर, झोटवाड़ा, जयपुर (राजस्थान), जिसका कुल क्षेत्रफल 111.11 वर्गगज है को खरीद करने हेतु एच.डी. एफ.सी. लि. से ऋण प्राप्त कर उक्त सम्पत्ति को बंधक रखना चाहती है। यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि को उक्त सम्पति के खरीद/बंधक से किसी भी प्रकार का कोई ऐतराज हो तो 7 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता से लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सम्पर्क करे, बाद गुजरने मियाद किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। **भवदीय**

(रामेश्वर सिंह राठौड़) एडवोकेट मो.नं. 9829256466

नाम परिवर्तन

मै आर्मी न. 18021002 N सैपर सोमेश प्रसाद पण्डा, 60, अभियन्ता सैन्य दल में सेवारत हूँ। मेरे आर्मी सर्विस रिकार्ड में मेरे माता का ललिता पण्डा दर्ज है। जो की गलत है। मैं अपने सर्विस रिकार्ड में माता का सही नाम लिलि पण्डा व जन्मतिथी 18/12/1977 दर्ज कराना चाहता हूँ।

मैने अपना नाम कुसुम नागपाल से बदलकर कुसुमलता नागपाल पत्नी श्री प्रदीप कुमार नागपाल रख लिया है। भविष्य मे मुझे कुसुमलता नागपाल के नाम से जाना जावे। पता- ई-39 वैशाली नगर जयपुर

मैंने अपना नाम जावेद अजीज से बदलकर जावेद खांन पुत्र अजीज खांन रख लिया है भविष्य में मुझे जावेद खांन के नाम से जाना पहचाना जावे। पता- म. नं.555, बालाजी का रास्ता, बाबू का टीबा, रामगंज बाजार, जयपुर।

I have changed my name from vinod kumar to vinod kumar mishra r/o flat no 502 udb skyway-1 above jaipur car bazar main sikar road Jaipur

We Vishal & Ritu changed our son name from radhey khandelwal to radhe khandelwal r/o b-27 green park near Rajesh coach factory agra road Jaipur.

I have changed my name from vimla girdharilal khuha to vimla khatri r/o 2/65 SFS agarwal farm mansarovar jaipur

I army no 15135414M Ex Hav (DMT) mahesh kumar S /O keshar singh R/O 107 vikash nagar murlipura jaipur have changed my daughter name from RUCHIKA is wrong entered in service record To RUCHIKA CHOUDHARY (DOB 3/10/2004) vide affidavit dated 23 June 2023 before district notary Jaipur

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्या श्रीमती रीता खन्ना पत्नि श्री विनय कुमार खन्ना, पुत्री स्व. श्री सुदर्शन सिंह तुली, उम्र-70 वर्ष, जाति- पंजाबी, निवासी -मं.नं.7/369, मालवीय नगर, जयपुर (राज.) की है जिनके एक पुत्र नितिन खन्ना व दो पुत्रियां रजनी व नेहा है, वर्तमान में तीनों पुत्र -पुत्रियां विवाहित है जिनमें से मेरी अभिभाष्या का पुत्र नितिन खन्ना जो कि मेरी अभिभाष्या के कहने में नही है तथा प्रत्येक काम में अपनी मनमर्जी करता है। इस कारण मेरी अभिभाष्या के द्वारा आज दिनांक 24.6.2023 को अपने विवाहित पुत्र नितिन खन्ना को अपने परिवार तथा अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया गया है जिसके कारण वर्तमान में मेरी अभिभाष्य का पुत्र मेरी अभिभाष्या से अलग निवास कर रहा है, अब उसका मेरी अभिभाष्या से किसी भी प्रकार का कोई सम्बन्ध व लेना देना नहीं रहा है, यदि अब कोई भी व्यक्ति या संस्था मेरी अभिभाष्या के पुत्र नितिन खन्ना से किसी भी प्रकार का कोई लेन-देन करेगा अथवा किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटित होगी तो उसकी जिम्मेदारी मेरी अभिभाष्या की नहीं होगी, सूचित रहे।

जयपुर दिनांक 24.6.2023

(मेहश चावला) एडवोकेट, मो. 9414200101

खोया-पाया

मेरे मकान उ0 26 नाहरी का नाका- का मूल आवंटन पत्र, कब्जा पत्र, नियमितीकरण व अदैय प्रमाणपत्र नाहरी का नाका के आस पास कहीं गिर गये। मिलने पर सूचित करें 8005870635 Bhojraj.

मेरे मकान 4 ख 16 नाहरी का नाका- का मूल आवंटन पत्र, कब्जा पत्र, डिक्लेरेशन-नाहरी का नाका के आस पास कहीं गिर गए। मिलने पर सूचित करें 6375487879 रशीद अहमद

JDA जयपुर द्वारा आंवटित भूखण्ड सं. 61 बीलवा आवसीय योजना का मूल आवंटन पत्र खो गया है। मिलने पर सूचित करे। राजेश मीणा 9829553672

30 जून को उदयपुर से भाजपा के चुनावी कैम्पेन की शुरुआत

जयपुर/उदयपुर, (का.सं.)। गृहमंत्री अमित शाह 30 जून को मेवाड़ की धरा से राजस्थान में भाजपा के चुनावी कैम्पेन का शंखनाद करेंगे। भाजपा की ओर से केन्द्र सरकार के 9 साल पूरे होने पर किए जा रहे आयोजनों के तहत 30 जून को उदयपुर में लोकसभा सम्मेलन हो रहा है जिसे गृहमंत्री अमित शाह संबोधित करेंगे।

अमित शाह के आने के मद्देनजर उदयपुर लोकसभा क्षेत्र में वृहद स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। उदयपुर के गांधी ग्राउण्ड में 30 जून को सुबह 10 बजे होने वाली महाजनसभा में 50 हजार लोगों की उपस्थिति का लक्ष्य रखा गया है।

इस सम्बंध में शनिवार को उदयपुर के पटेल सर्कल स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में भाजपा के लोकसभा प्रभारी प्रमोद सामर ने बताया कि उदयपुर लोकसभा क्षेत्र में 8 विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इनमें प्रशासनिक दृष्टि से 659 ग्राम पंचायतें हैं और भाजपा के 42 मंडल हैं। सभा स्थल गांधी ग्राउंड में एक लाख 56 हजार वर्गफीट के तीन बड़े डोम बनाए जाएंगे। साठ गुना सौ फीट का मंच बनेगा। पूरे शहर को सजाया जाएगा। विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए 31 समितियों का गठन किया गया है।

सामर ने बताया कि मोदी सरकार के 9 साल में जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाने, अयोध्या में भगवान श्रीराम का मंदिर बनवाने, तीन तलाक हटाने, सहकारिता का अलग से मंत्रालय बनाने आदि को लेकर आभार प्रदर्शन भी किया जाएगा। आभार प्रदर्शन के तहत कमल मेहंदी, दीपदान, केन्द्र की योजनाओं के लाभार्थियों का सम्मान, युवा-किसान चौपाल, श्रमयोगी सम्मान, छात्र संवाद, बुलेट रैली, मानव श्रृंखला आदि आयोजन होंगे।

प्रेसवार्ता में सांसद अर्जुन मीणा ने कहा कि उदयपुर लोकसभा सीट जनजाति समाज का बड़ा प्रतिनिधित्व

- **गृह मंत्री अमित शाह उदयपुर के गांधी मैदान में अपनी पहली चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे**
- **गांधी ग्राउण्ड में सुबह 10 बजे होने वाली इस जनसभा में 50 हजार लोगों की उपस्थिति का लक्ष्य रखा गया है**

करती है। इसलिए जनजाति समाज की भी बड़ी उपस्थिति रहेगी। उन्होंने बताया कि उदयपुर लोकसभा क्षेत्र में केन्द्र की योजनाओं की बरसात हुई है।

सबसे बड़ी सौगात उदयपुर-अहमदाबाद आमान परिवर्तन सहित पूरे दक्षिणी राजस्थान में रेल परियोजनाएं हैं। उदयपुर सिटी स्टेशन भी 354 करोड़ की लागत से अंतरराष्ट्रीय रूप ले रहा है। विद्युतीकरण के बाद उदयपुर की कनेक्टिविटी सीधे दक्षिणी भारत से हो जाएगी। केन्द्र सरकार ने उदयपुर लोकसभा क्षेत्र को नए राजमार्गों की भी सौगात दी है।

राजस्थान के लोगों के मिल रही केंद्र सरकार के योजनाओं का लाभ: अर्जुन मीणा सांसद मीणा ने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कांग्रेस ने आदिवासियों को हमेशा हथियार बनाकर रखा। इंदिरा आवास योजना बरसों पहले शुरू की गई जिसे सीएम गहलोत गिनाते नहीं थक रहे, सांसद ने पूछा कि वे 2014 तक का आंकड़ा बता दे, जबकि इसके बाद पीएम आवास योजना से मोदी सरकार ने एक लाख 40 हजार नए मकान उदयपुर लोकसभा में दिए हैं।

पूरे देश में 740 एकलव्य मॉडल स्कूल में से 6 उदयपुर लोकसभा में दिए गए। पीएम मोदी ने ही किसानों की पीड़ा को देखते हुए फसल बीमा योजना में प्रत्येक राजस्व गांव को इकाई बनाया, जबकि पहले यह तहसील स्तर पर होता था जिससे किसानों को कोई लाभ नहीं हो पाता था। उन्होंने बीटीपी को भी आड़े हाथों लिया और आरोप लगाया कि वह जनजाति समाज को गुमराह कर रही है।

उन्होंने बताया कि 27 जून को आपातकाल लागू करने के काले दिवस पर पीएम मोदी भोपाल में बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे। इस कार्यक्रम में राजस्थान से 100 जनें जा रहे हैं जिनमें उदयपुर से भी चार शामिल होंगे। सांसद ने जनजाति समाज की हाल ही 18 जून को हुई हुंकार डीलिस्टिंग महारैली के सवाल पर कहा कि यह मुद्दा जनजाति समाज की संस्कृति और हक के लिए महत्वपूर्ण है।

उन्होंने इस पर संसद में भी आवाज उठाई है। इस पर जल्द ही बिल लाया जाएगा और संसद में पारित करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जब संविधान में एससी वर्ग धर्म बदलने पर एससी के अधिकारों का पात्र नहीं रहता, तब यह प्रावधान एसटी वर्ग के लिए क्यों नहीं है। डीलिस्टिंग का प्रावधान होना ही चाहिए।

अमित शाह की सभा को चुनावी आगाज मानने के सवाल के जवाब में प्रमोद सामर ने कहा कि यह चुनावी वर्ष है, इसलिए इसे चुनावी आगाज के नजरिये से देखा जा सकता है। हालांकि, उन्होंने मंच पर रहने वाले नेताओं के सवाल पर कहा कि अभी तक प्रदेश अध्यक्ष, क्षेत्रीय सांसद व विधायकों के ही बैठने पर विचार हुआ है, इस सम्बंध में उच्च स्तर से सूची का इंतजार है। प्रेसवार्ता में भाजपा शहर जिलाध्यक्ष रवीन्द्र श्रीमाली, देहात जिलाध्यक्ष चंद्रगुप्त सिंह चौहान आदि ने भी विभिन्न तैयारियों की जानकारी दी।

तीये की बैठक

हमारी पूजनीया श्रीमती मधु देवी शर्मा धर्मपत्नी श्री दिनेश जी शर्मा का आकस्मिक निधन शुक्रवार 23.06.2023 को हो गया है। जिनकी तीये की बैठक रविवार 25.06.2023 को शाम 4:00 से 5:00 बजे तक संघीजी की नसियां जैन मंदिर, खानियां, आगरा रोड, जयपुर पर होगी। **शोकाकुल-:** रामेश्वर, मोहन, रामअवतार, रमेश, हनुमान, बाबूलाल (जेठ), सत्यनारायण (देवर), नंदनी (पुत्री) एवं समस्त भातरा परिवार खानियां वाले। 9828405864, 9828507886

अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है की हमारे पूजनीय पिताजी श्री भंवर लाल बलेसरा पुत्र स्व श्री गोपीराम बलेसरा का स्वर्गवास दिनांक 23/6/2023 को हो गया है, जिनकी तिये की बैठक दिनांक 25/6/2023 रविवार को 2 से 4 बजे निवास स्थान सेज भम्मोरिया प्लॉट नंबर 388 में रखी गयी है। **शोकाकुल-** रामसहाय (भाई), गोविंद सहाय, मदन लाल, भगवान सहाय, रवि, ओम बलेसरा (पुत्र) दीपक, राजेश, अजेय, मनीष, महेश श्योजी, कृष्ण बलेसरा (पौत्र) बलेसरा परिवार 9414269489

नम्बर मिलाइए 9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

मुरलीपुरा स्कीम सर्किल पर हजारों लोगों ने किया सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ



सर्व समाज की ओर से शनिवार शाम को मुरलीपुरा स्कीम सर्किल पर सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ हुआ, जहां हजारों राम भक्तों ने हनुमान चालीसा पाठ का संगीतमय वादन किया। इस दौरान सीकर रोड और आसपास का क्षेत्र भगवान श्रीराम और हनुमानजी के जयकारों से गूंज उठा। आयोजन समिति के सदस्य करण सिंह और अजय कांत हिंदू ने बताया कि हमारा मुख्य उद्देश्य धर्म के प्रति लोगों को जागरूक करना है। प्रत्येक घर में हनुमान चालीसा का पाठ होना चाहिए। हनुमान चालीसा पाठ होने से आदमी का बल बढ़ता है, बुद्धि बढ़ती है और समाज व देश मजबूत होता है। धर्म जागृति एवं समाज को एकजुट करने के उद्देश्य से हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया। हनुमान चालीसा पाठ में जयपुर शहर के लगभग 50 से ज्यादा संगठनों ने हिस्सेदारी ली। स्थानीय लोगों एवं व्यापारियों ने हनुमान भक्तों पर फूलों की बारिश की।

'केंद्र का बजट खर्च कर वाहवाही लूट रहे हैं सी.एम.'

जयपुर। भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. अरूण चतुर्वेदी ने कांग्रेस की अशोक गहलोत सरकार को झूठ पर खड़ी सरकार बताते हुए कहा है कि राजस्थान में जितनी भी योजनाएं चल रहीं हैं और जिनको आधार बनाकर गहलोत सरकार वाहवाही लूटने का प्रयास कर रही है, उनमें केंद्र की मोदी सरकार का ही बजट खर्च हो रहा है।

डॉ.चतुर्वेदी ने चिरंजीवी योजना की चर्चा करते हुए कहा इस योजना में 25 लाख के निशुल्क उपचार की बात की जा रही है लेकिन वास्तविकता में उपचार 5 लाख तक का ही हो रहा है यह 5 लाख रुपए भी केंद्रीय मद के हैं। डॉ.चतुर्वेदी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल 9 वर्ष के शासन काल पर अयोजित सिविल लाइन विधान सभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओ के महासंपर्क अभियान के तहत गुलाब गार्डन में आयोजित संयुक्त मोर्चा सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आयुष्मान भारत योजना केंद्र की योजना है। इसी प्रकार जल जीवन मिशन योजना में केंद्र द्वारा राजस्थान को 28 हजार करोड़ का बजट दिया गया लेकिन राज्य की गहलोत सरकार इस बजट का उपयोग नहीं कर पाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घर घर पानी पहुंचाने के लिए यह राशि जारी की थी लेकिन राज्य सरकार ने राशि का सदुपयोग नहीं कर कमीशन खोरी का खेल शुरु कर दिया।

कार्यालय निर्वाचन अधिकारी

श्री सनातन् धर्मशास्त्री संस्कृत महाविद्यालय समिति, लालसोट (दौसा)

क्रमांक-03 दिनांक-24.6.2023

आवश्यक सूचना

महाविद्यालय समिति के जुलाई 2023 में होने वाले चुनाव के लिये जिन दानदाताओं ने जुलाई 2020 से मई 2023 तक समिति को दान दिया है। उनकी सूची प्रकाशित की जा रही है। जिन मतदाताओं ने समिति को कभी भी 2000/ अक्षरे दो हजार रूपये दान किये है वह स्थाई सदस्य है एवं जिन दानदाताओं ने एक वर्ष में 50/ अक्षरे पचास रूपये दान किये है वह अस्थाई सदस्य है।

स्थाई एवं अस्थाई सदस्यों की सूची प्रकाशित कर दी गई है। यदि किसी दानदाताओं का नाम सूची में नही है तो दिनांक 30.6.2023 तक महाविद्यालय कार्यालय में अपनी रसीद की फोटो कापी लगाकर लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर दें। उसके बाद अंतिम सूची प्रकाशित कर दी जावेगी। महाविद्यालय समिति के चुनाव में दानदाता ही वोटर होंगे। सूचित रहे।

निर्वाचन अधिकारी
श्री सनातन धर्मशास्त्री संस्कृत
महाविद्यालय समिति लालसोट (दौसा)

प्ररूप -10
(नियम 8 (7) देखिए)

प्राधिकृत अधिकारी कार्यालय, नगरपालिका मण्डल, सांभर लेक

क्रमांक -नपासा/2023/926 दिनांक-23.6.2023

लोक सूचना

श्री हरिगोपाल गोयल पुत्र श्री नाथूलाल गोयल, जाति अग्रवाल निवासी नकाशा मोहल्ला, सांभर लेक तहसील फुलेरा जिला जयपुर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर कृषिक प्रयोजनों के लिये भू उपयोग परिवर्तन हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारी के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् :-

क्रं.सं.	जिले का नाम	ग्राम का नाम	खसरा नम्बर	रकबा	चाह गया उपयोग
1	जयपुर	सांभर लेक	1139, 501	कुल 02 रकबा 12645 हैक्टयर	02 रकबा12645 हैक्टयर भूमि को आवासीय में रुपान्तरण हेतु।

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोगार्थ (आवासीय भू- रुपान्तरण) हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन कर कोई आक्षेप है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कर्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ आपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर -भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 23.6.23 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी
नगरपालिका मण्डल सांभर लेक